विस्तार परिदृश्य

हिन्दी सॉफ्टवेयर 'सारांश' प्रशिक्षण कार्यशाला
23 नवम्बर 2010
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद
देहरादून

विस्तार परिदृश्य

प्रस्तावना

विस्तार निदेशालय का उद्देश्य देशव्यापी नेटवर्क, विभिन्न प्रकाशनों, कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा विभिन्न दायित्वधारियों को उपयोगी अनुसंधान परिणाम मुहैया कराना है। निदेशालय द्वारा भा.वा.अ.शि.प. के संस्थानों और केंद्रों की विभिन्न विस्तार गतिविधियों से समन्वय किया जाता है और विस्तार की व्यापक रणनीतियां विकसित की जाती हैं।

निदेशालय के पास विभिन्न क्रियाकलापों और बुलेटिनों का प्रकाशन, ब्रोशर्स, पैम्पलेटस, न्यूजलैटर्स, वन सांख्यिकी एवं वार्षिक रिपोर्ट, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण आदि से वन विज्ञान केंद्रों और प्रदर्शन गांवों के देशव्यापी नेटवर्क के जरिए वानिकी विस्तार अधिदेश के त्वरित प्रसारण हेतु मीडिया एवं प्रकाशन, सांख्यिकी तथा पर्यावरणीय प्रबंधन प्रभाग हैं।

मीडिया एवं प्रकाशन प्रभाग का कार्य भा.वा.अ.शि.प. के संस्थानों द्वारा वानिकी क्षेत्र में वानिकी अनुसंधान निष्कर्षों के प्रसार के लिए विस्तार क्रियाकलापों तथा रणनीतियों को निष्पादित करना है। इस प्रभाग द्वारा भा.वा.अ.शि.प. की विभिन्न अनुसन्धान एवं विकास क्रियाकलापों का मासिक लेखा–जोखा अनुरक्षित किया जाता है और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को स्थिति से अवगत कराया जाता है। प्रभाग द्वारा भा.वा.अ.शि.प. का न्यूजलैटर तथा ब्रोशर प्रकाशित किया जाता है। भा.वा.अ.शि.प. और उसके संस्थानों की रिपोर्टों को संग्रहित, संकलित, सम्पादित किया जाता है और भा.वा.अ.शि.प. के वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित किया जाता है जिसे संसद के पटल पर प्रस्तुत किया जाता है। राज्य वन विभागों के सहयोग से वन विज्ञान केंद्रों की स्थापना और भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों द्वारा प्रदर्शन गांवों को अपनाने हेतु चयन प्रक्रिया में पर्याप्त प्रगति हुई है। विभिन्न राज्यों में वन विकास केंद्र स्थापित किए गए हैं। देश के विभिन्न पारि–जलवायु क्षेत्रों में आठ प्रदर्शन गांव स्थापित किए गए हैं।

प्रभाग द्वारा राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं और परिषद् तथा उसके संस्थानों में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है। सभी आठ संस्थानों और मुख्यालय से राजभाषा हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट एकत्र की जाती है जिसे संकलित करने के उपरांत मंत्रालय को भेजा जाता है। प्रभाग द्वारा राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

सांख्यिकी प्रभाग को भारत के वानिकी क्षेत्र से संबंधित सूचना एकत्र करने प्रसारित करने का दायित्व दिया गया है। अधिदेश को प्राप्त करने हेतु वर्ष 2010–11 में निम्नलिखित प्रयास किए गए:

1. प्रभाग द्वारा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय वानिकी क्षेत्र की रिपोर्ट 2010 पर कार्य किया जा रहा है।
2. आई टी टी ओ प्रायोजित परियोजना भारत के लुग्दी, कागज और हार्डबोर्ड उद्योग का नमूना सर्वेक्षण की समीक्षा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय उष्णकटिबंधीय प्रकाष्ठ संगठन ने मॉनीटरिंग मिशन के तहत 10 से 12 मार्च 2011 को भा.वा.अ.शि.प. का दौरा किया।
3. वर्ष के दौरान बांस प्रकाष्ठ व्यवसाय बुलेटिन के दो अर्द्धवार्षिक अंक प्रसारित किए गए।
4. ''भारतीय वानिकी सांख्यिकी 2009'' को एकत्रित एवं संकलित करने का काम जारी है।

भा.वा.अ.शि.प.–आई टी टी ओ परियोजना के मानीटरिंग मिशन के दौरान श्री ए.के. बंसल, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. तथा डॉ. स्टीवन ई जॉनसन, सम्पादक एवं संचार प्रबंधक, आई टी टी ओ

5. एन ओ वी ओ डी बोर्ड द्वारा प्रायोजित परियोजना भारत में वृक्षों से प्राप्त तेलबीज पर डाटाबेस का विकास पर कार्य जारी था।

6. एकल परामर्श और अनुसन्धान सलाहकार समितिया की बैठकों के जरिए, वन अनुसन्धान संस्थान सम विश्वविद्यालय के अनुसन्धान स्कालर्स को सांख्यिकीय सहायता दी गई। वन अनुसन्धान संस्थान समविश्वविद्यालय के अनुसन्धान स्कालर्स और विद्यार्थियों के समक्ष सांख्यिकी पद्धतियों पर व्याख्यान दिए गए।

पर्यावरण प्रबंधन प्रभाग द्वारा पर्यावरण एवं वनों के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में परामर्श दिए जाते हैं जैसे जल विद्युत, खनन, आधारभत सरचना और हाइवे आदि। क्षत्रीय आधार पर परामर्श देने के लिए यह प्रभाग भा.वा.अ.शि.प. के संस्थानों के ई आई ए प्रकोष्ठों के साथ समन्वय भी करता है। मार्च 2011 तक प्रभाग ने ¡ 1193.02 लाख

30 ई आई ए/ई एम पी अध्ययन पूरे कर लिए हैं तथा ¡ 295.81 लाख की 10 परियोजनाएं पूरी की जा रही हैं।

भूमि एवं पारिपद्धति का सतत् प्रबंधन–देशज भागीदारी कार्यक्रम (एस एल ई एम–सी पी पी)

यह, भारत में पारिपद्धति एवं सतत् भूमि प्रबंधन को मुख्य धारा में लाने और बड़े पैमाने पर शुरू करने हेतु नीति और संस्थानिक सुधार के लिए जी ई एफ द्वारा निधिकृत तथा विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना है। इस परियोजना को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार न अपन हाथ म लिया ह और भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने अगस्त 2009 से इसे कार्यान्वित करना शुरू कर दिया है। परियोजना का उद्देश्य कृषि तथा प्राकृतिक संसाधन रणनीतियों में तालमेल, समन्वय और मॉनीटरिंग के लिए संस्थानिक और नीतिगत संरचना सुदृढ़ करना है जिससे सतत् भूमि प्रबंधन और कृषि उत्पादकता में वृद्धि और पर्यावरणीय समाघात में न्यूनता हो सके। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए परियोजना के तीन घटक हैं, यथा : संस्थानिक और नीति की मुख्यधारा, सतत् भूमि प्रबंधन उपायों को सक्षम बनाने हेतु ज्ञान और प्रबंधन को सुदृढ़ करना तथा सहभागिता प्रबंधन कार्यक्रम, मॉनीटरिंग और मूल्यांकन।

तकनीकी समन्वय

भा.वा.अ.शि.प. के तकनीकी सुविधात्मक संगठन द्वारा समन्वय किया जा रहा है। भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों और संस्थानों द्वारा देश के विभिन्न भागों में चल रही एस एल ई एम परियोजनाओं के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता दी जा रही है।

राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक

एस एल ई एम– सी पी पी की आवश्यकता के एक भाग के रूप में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देश में राष्ट्रीय संचालन समिति गठित की गई है जिसका संघटन इस प्रकार हैः

अध्यक्ष– विशेष सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार

सदस्य

महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. ।

आई जी एफ, मरूभूमि प्रकोष्ठ, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार।

संयुक्त सचिव तथा जी ई एफ आपरेशनल फोलक प्वाइंट इंडिया, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार।

संयुक्त सचिव, यू एन एफ सी सी सी फोकल प्वाइंट, इंडिया, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार। संयुक्त सचिव, सी बी डी फोकल प्वाइंट, इंडिया, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार।

सयुक्त सचिव, गाम विकास मत्रालय, भारत सरकार।

सयुक्त सचिव, जल ससाधन मत्रालय, भारत सरकार।

संयुक्त सचिव, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार। निदेशक एवं जी ई एफ पॉलिटीकल फोकल प्वाइंट इंडिया, डी ई ए, भारत सरकार।

राष्ट्रीय संचालन समिति की पहली बैठक (एन एस सी)

एन एस सी की पहली बैठक पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में 26 मई 2010 को आयोजित की गई। श्री आर.एच. ख्वाजा, विशेष सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में डॉ. जी.एस. रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. तथा एन एस सी के सदस्य सचिव, डा. रवीन्द कुमार, उप महानिदशक (विस्तार), भा.वा.अ.शि.प. भी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न दायित्वधारियों ने भाग लिया जिनमें ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि मंत्रालय तथा एस एल ई एम–सी पी पी की सात परियोजनाओं के परियोजना निदेशक और सहयोगी शामिल थे।

विचारमंथन कार्यशाला प्रगति में

आधाररेखा अध्ययन पर विचारमंथन कार्यशाला

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एव शिक्षा परिषद म 29 और 30 सितम्बर 2010 को सतत् भूमि एवं पारिपद्धति प्रबंधन पर आधारभूत अध्ययन हेतु दो दिवसीय विचारमंथन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्व बैंक की मध्यम आकार की परियोजना की परामर्शी नीति सतत् भूमि प्रबंधन में बड़े पैमाने के सुधार, नीति तथा संस्थानिक सुधार और भारत में पारिपद्धति प्रबंधन के संबंध में थी जिसका आयोजन भा.वा.अ.शि.प. द्वारा किया गया था। इस विचारोत्तेजक कायशाला का उदघ ाटन डा. जी एस रावत, महानिदशक, भा.वा.अ.शि.प. द्वारा किया गया। कार्यशाला में भाग लेने वालों में एस एल ई एम परियोजनाओं के नोडल अधिकारी और देश भर से भा.वा.अ.शि.प. के आठ संस्थानों के वैज्ञानिक और विशेषज्ञ शामिल थे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में भा.वा.अ.शि.प. के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

वित्तीय

परियोजना के लिए कुल अनुमोदित रकम US$ 1,985,267 है, जिसमें से यू एस का सी ई एफ वित्तीय लेखा US$ 981,412 है तथा शेष US$ 1,003,855 को भा.वा.अ.शि.प. द्वारा सह – वित्त पोषित किया जाएगा। टी एफ ओ ने अप्रैल 2010 से मार्च 2011 तक ¡ 49,74,375.00 का व्यय उठाया ह। माच 2011 तक कुल संचयी व्यय मात्र ¡ 82,46,305.10 हुआ है।

राष्ट्रीय वन पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र (एन एफ एल आई सी)

राष्ट्रीय वन पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र, वानिकी और संबद्ध विज्ञानों में दक्षिण तथा दक्षिण–पूर्वी एशिया में प्रलेख संग्रह का सबसे समृद्ध केंद्र है। एन एफ एल आई सी द्वारा सभी प्रकार की पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं, जैसे संदर्भ, रेफरल, लेंडिंग, रिप्रोग्राफी, वर्तमान की जानकारी, अंतः पुस्तकालय लोन, मशीन रीडेबल डाटाबेस से सूचना पुनः प्राप्ति आदि। वर्ष के दौरान बाहर जाकर पढ़ने के लिए उपभोक्ताओं को 29,761 पुस्तकें मुहैया कराई गई। जबकि पुस्तकालय में 59,726 प्रलेखों पर विचार–विमर्श किया गया।

एन एफ एल आई सी में प्रलेख संग्रह को अन्य प्रलेख तथा 2731 पुस्तकें शामिल करके समृद्ध बनाया गया ह जिसम स 1210 पुस्तका का ¡ 18.17 लाख में खरीदा गया। एन एफ एल आई सी द्वारा 79 भारतीय तथा 110 पीरियोडीकल के लिए अंशदान दिया जाता है जिसकी लागत ¡ 74.02 लाख है। यहां 325 टाईटिर्ल्स ग्रेटिस प्राप्त होते हैं। एन एफ एल आई सी द्वारा भा.वा.अ.शि.प. के क्षेत्रीय संस्थानों के लिए 14 अत्यंत उपयोगी जर्नल्स की पहुँच कराई जाती है जिस पर ¡ 15.00 लाख की लागत आती है।

वानिकी के नए पुराने अनुसन्धान लेखों तक पहुंच बनाने के लिए संदर्भिका डाटाबेस वन विज्ञान डाटाबेस पर अंशदान किया गया जिस पर ¡ 2.23 लाख की लागत आई।

विभिन्न पहलुओं पर विश्लेषण करने और पहुंच बनाने के लिए एन एफ एल आई सी द्वारा एस सी ओ पी यू एस अंशदान दिया जाता है जो मुख्य समीक्षित साहित्य और उत्तम वेब संसाधनों का सबसे बड़ा सार संग्रह और उद्धरण डाटाबेस है, जिसमें शानदार उपकरण शामिल हैं। इस पर ¡ 8.08 लाख की लागत आई।

एन एफ एल आई सी, भा.वा.अ.शि.प. प्रकाशनों को अपने बुक डिपो के जरिए बेचती है। वर्ष के दौरान राज्य वन विभागों, विश्वविद्यालयों आदि को 665 पुस्तकें तथा 23 वी सी डी बेची गई और ¡ 1,38,791 की आय प्राप्त की गई।

पर्यावर्णीय सूचना पद्धति (इनविस)

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एन एफ एल आई सी में इनविस केंद्र की स्थापना की गई है। वर्ष के दौरान केंद्र ने नए संदर्भों के छः डाटाबेस नए संदर्भों में शामिल किए हैं यथा : भारतीय वानिकी सार–संग्रह, सहभागिता वन प्रबंधन, *प्रोसोपिस ज्यूलीफ्लोरा*, पापलर, पर्यावरण एवं वन, वर्तमान वानिकी साहित्य जो केंद्र की वेबसाइट में यू आर एल से पहुंच योग्य है: www.frienvis.nic.in जर्नलस की विषय सूची के साथ–साथ भारत में वनाच्छादन, राज्य अनुसार और फिर जिलेवार उपलब्ध है। इसके साथ ही वेबसाइट में निकट भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमीनारों, सिम्पोजिया, प्रशिक्षण कोर्सों आदि को सेट किया गया है।

प्रकाशन : इनविस केंद्र ने, इनविस वानिकी बुलेटिन के दो अंक प्रकाशित किए हैं जिनमें वन उत्पाद रसायन और पर्यावरण एवं वन न्यूज डाईजेस्ट पर तीन अंक शामिल हैं।

4.1 वन विज्ञान केंद्र (वी वी के) पर रिपोर्ट तथा प्रदर्शन ग्राम (डी वी)

वन विज्ञान केंद्र (वी वी के)

वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून ने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में अपने कार्यक्षेत्र के तहत छः वन विज्ञान केंद्र स्थापित किए हैं। इस समय वन अनुसन्धान उत्तराखण्ड, पंजाब और हरियाणा तथा दो संघ राज्य क्षेत्रों यथाः दिल्ली और चंडीगढ़ में वन विकास केंद्र कार्यरत हैं। सा.वा.पा.पु.के., इलाहाबाद के पश्चात कानपुर में भी वी वी के स्थापित किया जा रहा है।

विभिन्न विषयों पर कई प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं यथा : वन अनुसन्धान और उपयोजन पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रसारण, उपयोजन तथा बांस रक्षण, एन टी पी का महत्व, उपयोजन तथा रक्षण, पौधशाला और रोपण तकनीकें, बीजों का संग्रह, भण्डारण, फॉरेस्ट मैन्सुरेशन और वृक्ष–कर्तन तकनीक।

वन विज्ञान केंद्र, कानपुर में सा.वा.पा.पु.के., इलाहाबाद द्वारा 23 से 25 जनवरी 2011 तक वानिकी की चुनौतियां और संदर्श पर प्रदर्शन तथा प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वन मापन पर वी वी के, दिल्ली में प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्षेत्रीय प्रदर्शन

वी वी के, चंडीगढ़ में शहरी वानिकी पर प्रशिक्षण

वी वी के, हल्द्वानी में कृषि वानिकी प्रशिक्षण के सहभागी

वी वी के, दिल्ली में वन मापन तथा वृक्ष कर्तन तकनीकों का प्रशिक्षण

वी वी के, होशियारपुर में वन मापन तथा वृक्ष कर्तन तकनीक प्रशिक्षण के सहभागी

प्रदर्शन के तहत प्रशिक्षण

वी वी के, पिंजौर के सहभागी

वी वी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत जी पी एस पर प्रशिक्षण

कार्यक्षेत्र के तहत राज्य और यू टी में तीन वी वी के स्थापित किए गए हैं। संस्थान द्वारा बीज उत्पादन एवं पौधशाला तकनीक पर वी वी के, कोयम्बटूर में तमिलनाडु में किसानों के साथ अंतःसक्रिय कार्यशाला का अयोजन किया गया, जिसमें तमिलनाडु के विभिन्न जिलों के 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

एजाडिरैक्टा इंडिका, साइजिजीयम क्यूमिनी, केसिया फिस्टूला, स्वीटेनिया मैक्रोफाइला, स्वीटेनिया महोगनी, स्पाथोडिया, पुंगम तथा *डल्बर्जिया सिस्सू* के 500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया जिसमें विश्व पर्यावरण दिवस 2010 के अवसर पर विद्यार्थियों, किसानों, वानिकों आदि ने भाग लिया। तमिलनाडु वन विभाग के कर्मियों के लिए कृन्तक वानिकी पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया और पपैया मेलिया (*पाराकोकस मार्गीनेटस*) द्वारा वृक्ष फसल को नुकसान से बचाने के बारे में किसानों और वानिकों को जानकारी दी गई। किसानों को पौधे वितरित किए गए।

मेलिया डूबिया पर पुस्तक प्रकाशित की गई– मनी स्पिनिंग श्रृंखला–2 तथा वृक्षोत्पन्न तेल बीज, खनन कचरे के पुनरुद्धार के लिए जैवकीय उपाय और रणनीतियों पर पैम्पलेटस और ब्रोशर वितरित किए गए : व.आ. वृ.प्र.सं. के अनुभव, विलवेकम–*एगल मार्मीलोस* बीज तेल, जैव कीटनाशक तथा नाइट्रोजन फिक्सर, कैज्यूरियाना की वृद्धि कारक, प्रकाशित किए गए। स्तरीय रोपण स्टॉक उत्पादन पर पुस्तकों की 1000 प्रतियां पुनः मुद्रित की गई क्योंकि इसके लिए किसानों और वानिकों में भारी मांग थी।

संस्थान द्वारा अवमुक्त किए गए क्लोन्स, आंध्र प्रदेश वन विभाग, गुजरात वन विभाग तथा आंध्र प्रदेश मिल्स को दिए गए।

वृक्ष सूचना केंद्र

क्षेत्र के वानिकों और किसानों द्वारा वृक्षों की संवृद्धि और प्रबंधन तकनीकों, विभिन्न देशज प्रजातियों

वृक्ष सूचना केन्द्र

समस्याओं पर जानकारियां मांगी गई, जिसके लिए सिंगल विन्डो सिस्टम पर फार्म निवेश मुहैया कराएं गए। इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए केंद्र में एक टेलीफोन लगाया गया है।

संस्थान द्वारा सामाजिक वानिकी स्कंध के दक्षिण, केंद्रीय और उत्तरी क्षेत्र के ए सी एफ के साथ परामर्शी बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन केरल में एनार्कुलम में सी सी एफ, सामाजिक वानिकी, एनार्कुलम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में वी वी के, कुथीरन के कार्यक्रमों और क्रियाकलापों पर विचार–विमर्श किया गया।

संस्थान द्वारा स्तरीय रोपण स्टॉक उत्पादन, जैव–उर्वरक तथा जैवकीय खाद, जलवायु परिवर्तन और वानिकी, वनों की पुनरुत्पादकता और पुष्पण जीवविज्ञान तथा रोपण तकनीकों पर दक्षिणी अण्डमान, मायाबंदर और डिज्लीपुर तथा वी वी के, पोर्ट ब्लेयर, अण्डमान और नीकोबार द्वीप समूहों, वन प्रशिक्षण स्कूल, विम्बर्लेगंज के वानिकी प्रशिक्षार्थियों के साथ कार्यक्षेत्रीय वन अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।
200 से अधिक कार्यक्षेत्रीय कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।

का.वि.प्रौ.सं., बंगलौर ने राज्य में अपने अधिकार क्षेत्र में तीन वी वी के स्थापित किए। संस्थान ने 21 और 22 सितम्बर 2010 को गोवा वन विभाग के 30 वन रेंज अधिकारियों और उप वन अधिकारियों के लिए वी वी के, गोवा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। उन्हें, ''चंदन की मॉडल पौधशाला पद्धतियां'', पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विभिन्न बांस प्रजातियों की वृहत और सूक्ष्म प्रसार तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न काष्ठ परिरक्षण तकनीकों का प्रदर्शन किया गया यथा : रस काष्ठ विस्थापन और बाउकेरी प्रक्रिया का आयोजन। काष्ठ परिरक्षण के महत्व और विभिन्न पद्धतियों के बारे में बताया गया और उपकरणों और रसायनों का प्रहस्तन सिखाया गया। बाइस सितम्बर 2010 को गोवा वन विभाग के 25 फॉरेस्ट गार्डस को चंदन की आधुनिक पौधशाला पद्धतियों और कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया। उनके सामने आसवन एकक् का प्रयोग करते हुए यूकेलिप्टस की पत्तियों से वोलेटाईल तेल निष्कर्षण का

प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को काष्ठ प्रक्रमण का **व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बटूर** ने ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन, वनरोपण, परिरक्षण प्रशिक्षण दिया गया यथा : काष्ठ गुण, सिझाई, परिरक्षण एवं रक्षण। *एकेसिया ओरिकूलीफार्मीस* तथा अन्य द्वितीयक काष्ठ प्रजातियों और छोटे घेरे वाली प्रजातियों की क्षमता वृद्धि के बारे में भी बताया गया। विभिन्न काष्ठ परिरक्षण तकनीकों का प्रदर्शन किया गया यथा : रस काष्ठ विस्थापन और बाउकरी प्रक्रिया तथा यूकेलिप्टस की पत्तियों से बोलाटाईल तेल का निष्कर्षण। प्रशिक्षाणार्थियों के समक्ष आसवन एकक् का प्रदर्शन भी किया गया।

वी वी के, कर्नाटक के क्रियाकलापों के अंतर्गत नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कृ.आ.वृ.प्रा.सं., बंगलौर में 22 सितम्बर 2010 को कर्नाटक वन विभाग (एफ टी ए टी आई, काडुगोडी) के रेंज वन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ए डब्ल्यू टी सी सहित संस्थान के विभिन्न प्रभागों, ऊतक व्यवहार प्रयोगशाला, पौधशाला में दौरा आयोजित किया गया। नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 12 अक्टूबर 2010 को एफ टी ए टी आई में वी एफ सी प्रेसीडेन्ट और कार्यकारी समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान चंदन पौधशाला तकनीकों पर व्याखान दिए गए और प्रदर्शन किया गया। साथ ही काष्ठ परीक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद रस काष्ठ विस्थापन तकनीकों और ब्राउचेरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 18 नवम्बर 2010 को एफ टी ए टी आई, काडुगोडी में रेंज वन अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक पौधशाला एवं रोपण तकनीकों पर व्याख्यान दिया गया।

संस्थान ने सुरभित तेल निष्कर्षण की तकनीक का प्रदर्शन किया जिसके लिए वन तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष सुवाह्य आसवन एकक का उपयोग किया गया। यह प्रशिक्षण 16 नवम्बर 2010 को कर्नाटक में वी वी के, काडुगोडी में किया गया।

कुल मिलाकर वन विज्ञान केंद्र, व.अ.के., हैदराबाद के तहत पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल 252 भागीदारों ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया यथा : जैवविविधता संरक्षण, तथा शहरी वानिकी। प्रशिक्षण के बारे में आगे तालिका में बताया गया है।

व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा पांच पूर्वी राज्यों : असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड तथा त्रिपुरा में पांच वन विभाग केंद्रों को संचालित किया जा रहा है। भा.वा.अ.शि.प. के दिशा निर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2010–11 में विभिन्न क्रियाकलापों की योजना बनाई गई।

संस्थान ने वी वी के, नागालैण्ड में बांस की पौधशाला और रोपणियों पर 300 से अधिक लाभार्थियों को रोपणियों, खासकर, बांस पर सात प्रशिक्षण दिए जिनमें अग्रगामी कार्मिक, किसान, एन जी ओ तथा ग्रामीण शामिल थे। प्रशिक्षण में शामिल, तकनीकें इस प्रकार थी :– बांस पौधशाला और रोपणियां, बांस की बीमारियों और नाशीकीटों का प्रबंधन, फसल कटान, उपयोजन तथा उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में बांस किस्मों का परिरक्षण, नागालैण्ड के औषधीय पादप/जड़ियां, औषधीय जड़ियां और उनकी गुणवत्ता वृद्धि। उन्हें वन सर्वेक्षण और मानचित्रीकरण में जी पी एस का प्रयोग और वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताया गया।

संस्थान में 2010–11 के दौरान वी वी के, अरुणाचल प्रदेश में दो दिन के दस प्रशिक्षण आयोजित किए जिसमें राज्य के किसानों, विभिन्न विभागों, जैसे, फलोद्यान, कृषि पर्यावरण एवं वन के कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में शामिल विषय इस प्रकार थे: प्रसारण, आर्किड्स की कृषि, अरुणाचल प्रदेश आर्थिक विकास के लिए पुष्पोत्पादन, बांस तथा बेंत का प्रसारण, खेती और सतत् विकास हेतु प्रबंधन, अरुणाचल प्रदेश के वन तथा वानिकी तथा ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव।

वी वी के परियोजना के तहत आधुनिक नर्सरी की स्थापना चेसा में की गई। वर्ष 2010–11 के दौरान नर्सरी के अनुरक्षण हेतु ¡ 50,000/– (¡ पचास हजार) प्राप्त हुए। विभिन्न बेंत प्रजातियों के बीज खरीदे गए जैसे *केलेमस टेन्यूस, सी. इरेक्टस, सी. ग्रेसीलिस, सी. फ्लैगीलम, सी. फ्लोरीबन्डस, एक्वीलेरिया अगालोचा*

जैसे *बैक्यूरिया स्पीडा, नेरियम* प्रजाति, लीची, प्लूम आदि, जिनके बारे में सामान्य लोग जानना चाहते थे। इसके अलावा कुछ नर्सरी उपकरण भी खरीदे गए।

संस्थान ने विभिन्न विषयों पर चार प्रशिक्षण आयोजित किए जिनमें शामिल थेः– सतत् उत्पादन हेतु कृषि वानिकी और अन्य भूमि उपयोजन पद्धतियां, आधुनिक पौधशाला तकनीकें, एन आर एम में स्वालम्बी वर्ग और जे एफ एम सी के लिए ई पी ए, वानिकी विस्तार और पारिविकास योजना, एन टी एफ पी तथा उनका विपणन, औषधीय पादप– पंचकर्मा उपचार, औषधीय पादपों की कृषि तकनीकें, बांस की रोपण तकनीकें तथा प्रबंधन, बांस के वृहत विस्तार की तकनीकें, फर्नीचर के लिए बांस मूल्य वृद्धि तकनीकें, हस्तशिल्प, सुगंधित स्टिक्स। प्रशिक्षणों से 93 से अधिक भागीदारों को लाभ हुआ।

कार्यक्षेत्रीय दौरे तथा अभ्यास सत्र भी निम्नानुसार आयोजित किए गएः

सहयोगात्मक कृषि (वानिकी, मधुमखी पालन, सुअर बाड़ा, मुर्गी पालन, रबर रोपण फसलें) डॉन बोस्को व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामगंज

राम तला में बांस बहुगुणन और रोपण प्रबंधन

डॉन बास्को व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान में वर्मी कम्पोस्टिंग (कृमि खाद।)

वी वी के मॉडल नर्सरी, त्रिपुरा राज्य वन केंद्र नर्सरी, ईको–पार्क, हर्बल गार्डन।

बांस फर्नीचर, हस्तशिल्प और सुगंधित स्टिक निर्माण एकक। बी ई एन यू , टी एफ डी पी सी, टी आर आई बी ए सी

2010–11 के दौरान हाथीपाड़ा में स्थित मॉडल नर्सरी को जल आपूर्ति विस्तार संयोजन, वर्मी कम्पोस्ट एकक से अनुरक्षित किया गया।

शु.व.अ.सं., जोधपुर ने राजस्थान और गुजरात में एक–एक वी वी के स्थापित किए जबकि तीसरे वी वी के, सिल्वासा में दादरा एवं नागर हवेली और दमन में स्थापित की जा रही है।

6 अक्टूबर 2010 तक तीन दिन के वी वी के प्रशिक्षण का आयोजन किया जिसमें 31 फॉरेस्ट स्टाफ तथा 10 किसानों ने भाग लिया। उन्होंने कृषिवानिकी, शुष्क क्षेत्र में फलवृक्षों की खेती, चूहों से नुकसान और नियंत्रण, पौधशाला तकनीकों, कर्तन, ग्राफ्टिंग और उच्च स्तर के बीज उत्पादन, वानिकी में जैव उर्वरकों के उपयोग और कम्पोस्टिंग तकनीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण में व्याख्यान के साथ–साथ स्थलीय प्रदर्शन भी किए गए।

हाई–टेक नर्सरी बिचावल, बीकानेर ने अनुरक्षण कार्य निष्पादन किया यथाः पॉटिंग माध्यम के लिए चावल की भुस्सी, कीटनाशक। हाई–टेक नर्सरी के लिए पी वी सी पाईपों का प्रापण किया गया।

पौधों की वृद्धि बीज वितरणः 2010–11 के दौरान हाई–टेक नर्सरी बिचावल में वी वी के के तहत *प्रोसोपिस सिनरेरिया* और *डल्बर्जिया सिस्सू* की 3000 स्तरीय पौधा उगाइ गइ। इसक तहत 2009–10 में खेजरी (*पी. सिनरेरिया*) की 10,000 पौध उगाई गई थी जिसे 2010–11 में वितरित किया गया और 66 किसानों को सहायता दरों पर बेचा गया।

विस्तार क्रियाकलापः किसानों/दायित्वधारियों के समक्ष वी वी के, बीकानेर के तहत हाई–टेक नर्सरी बिचावल में 6 डिस्प्ले बोर्डों का प्रदर्शन किया गया।

संस्थान द्वारा वन विज्ञान केंद्र, गुजरात के तहत, गुजरात वन विभाग की सहायता से 14 से 16 दिसम्बर 2010 तक वन चेतना केंद्र, भुज (गुजरात) में किसानों और कार्यक्षेत्रीय कर्मिकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 38 वन कर्मियों तथा 21 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान और कार्यक्षेत्रीय दौरे शामिल थे। प्रशिक्षण के विषय इस प्रकार थेः– कृषिवानिकी के आर्थिक लाभ, कच्छ क्षेत्र में चारा उत्पादन हेतु सिल्वी– पेस्टोरल तकनीकें, कच्छ क्षेत्र में घास किस्में और रेंज प्रबंधन, वृक्ष सुधार कार्यक्रम, मृदा एवं जल संरक्षण तकनीकें, कच्छ क्षेत्र की लवणीय भूमियों के लिए वनीकरण तकनीकें, वानिकी विस्तार के लिए

14 दिसम्बर 2010 को वन चेतना केंद्र, भुज में वी वी के प्रशिक्षण

जागरूकता तथा आर्गेनिक कृषि और कम्पोस्टिंग तकनीकें। प्रशिक्षण में व्याख्यान तथा स्थलीय प्रदर्शन आयोजित किए गए। कार्यक्षेत्रीय दौरों के दौरान भागीदारों ने वृक्ष प्रजातियों के वानस्पतिक विस्तार, हाईटेक नर्सरी में वर्मीकम्पोस्टिंग, भुज्ज, गुग्गल रोपण एवं नर्सरी, वन्डाई पर आधुनिक तकनीकें सीखी। वी वी के प्रदर्शन भागीदारों को शु.व.अ.सं. द्वारा मोचाराई, भुज्ज में विकसित सिल्वी–पेस्टोरल मॉडल का दौरा भी कराया गया।

हाईटेक नर्सरी, भुज में 15 दिसम्बर 2010 को वृहत प्रवर्धन तकनीकों पर प्रशिक्षण

वी वी क प्रशिक्षण सहभागियों न 15 दिसम्बर 2010 को मोचाराइ म शु.व.अ.सं. द्वारा विकसित सिल्वी–पेस्टोरल मॉडल का दौरा किया

हाईटेक नर्सरी, छिपार्दी, बीडी, राजकोट में अनुरक्षण कार्य निष्पादित किया गया। हाईटेक नर्सरी के लिए गार्डन पाईप, फोगर तथा सह–सामग्री, उर्वरक तथा कीटनाशकों का प्रापण किया गया।

अनुसन्धान और विकास केंद्र, राजकोट में वी वी के, के तहत 2010–11 में रियायती दरों पर दायित्वधारियों में वितरण करने हेतु *कार्डिया मिक्सा, कैज्वारिना इक्विसिटीफोलिया* और *यूकेलिप्टस* हाईबड के बीज / कर्तनें तथा *जिजीफस मार्टियाना, एम्ब्लिका आफिसिनेलिस* के ग्राफ्टिंग बडिंग में 3000 उच्च स्तर के पौधे उगाए गए। साथ हाईटेक नर्सरी में प्रत्येक प्रजाति के 500 पौधे उगाए गए।

अनुसन्धान एवं विकास केंद्र, राजकोट में किसानों/दायित्वधारियों के समक्ष वी वी के के तहत 6 डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित किए गए।

खानवेल (दादर एवं नागर हवेली तथा दमन) प्रस्तावित वन विज्ञान केंद्र

वन विज्ञान केंद्र की स्थापना एवं क्षमता वृद्धि

डॉ. रवीन्द्र कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), भा.वा.अ.शि.प., देहरादून तथा डॉ. बिलास सिंह, अनुसन्धान अधिकारी ने सिलवासा, दादर एवं नागर हवेली का दौरा किया और 28 जनवरी 2011 को डी सी एफ सिलवासा ने भा.वा.अ.शि.प. के अधिकारियों: श्री कमल दत्ता, सी एफ (दमन) और कार्यप्रभारी अधिकारी डी सी एफ (टी), सिलवासा, श्री दिलीप सिंह मंगरोला, ए सी एफ (वन्य), सिलवासा, दादर एवं नागर हवेली एफ डी के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर करने के संबंध में बैठकें की तथा एम ओ यू और वी वी के वर्क्स पर हस्ताक्षर हेतु टेलीफोन, फैक्स, ई–मेल के जरिए नियमित पत्र व्यवहार किया। इन अधिकारियों ने

प्रस्तावित नर्सरी और वी वी के प्रदर्शन केंद्र, खानवेल (जो सिलवासा से करीब 19 कि.मी. दूर है) का दौरा किया। नर्सरी में दौरे से स्पष्ट हुआ कि वी वी के प्रदर्शन केंद्र को खोलने से पहले वर्तमान प्रस्तावित वी वी के भवन की मरम्मत करना आवश्यक है।

मॉडल एम ओ यू को अनुमोदन के लिए श्री कमल दत्ता, सी एफ क समक्ष पस्तुत किया गया। कित वी वी क, खानवल का एम ए आ य, डी एन एच पाधिकारी द्वारा अभी तक अनुमोदित नहीं किया गया है। इसलिए एफ डी, डी एन एच द्वारा शु.व.अ.सं. को वी वी के, खानवल म क्रियाकलाप करन की अनमति नही दी गइ ह**बृहत**

संचार सामग्री तथा मीडिया

शु.व.अ.सं. की सूचना पुस्तिकाएं: (4750 संख्या में) हिन्दी भाषा में प्रकाशित की गई जिनका व्यापक प्रसार किया गया और किसानों/दायित्वधारियों/ संगठनों में वितरित किया गया। वी वी के बीकानेर और राजकोट तथा प्रदर्शन ग्रामों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया और दैनिक समाचार पत्र (हिन्दी और गुजराती) में प्रकाशित किया गया।

भा.वा.अ.शि.प. की टीम की डी सी एफ (टी), सिलवासा क साथ बैठक

प्रस्तावित वी वी के, सिलवासा के लिए भवन और कार्यस्थल

शु.व.अ.सं. दर्पण : शु.व.अ.सं. के विस्तार क्रियाकलापों में वी वी के तथा प्रदर्शन ग्राम और विस्तार को शु.व.अ.सं. दपर्ण के विशेषांकों (तिमाही मैग्जीन हिन्दी, भाग–12 वर्ष 8) में उच्च स्थान दिया गया।

शु.व.अ.सं. प्रकाशन : खजडी मृत्यताः राजस्थान में कारण, नुकसान और उपाय तथा राजस्थान में खेजड़ी मृत्यता पर क्रमशः 12800 पैम्पलैट्स (4600 अगजी आर 8200 हिन्दी) पकाशित किए गए।

30 डिस्प्ले बोर्ड तैयार किए (प्रत्येक 15) जो पादपों में विभिन्न पोषकों की कमी और मरूस्थल की जीवन रेखाः खेजड़ी कल्पवृक्ष को बचाने का संकल्प पर आधारित थे।

शु.व.अ.सं. कलेन्डर 2010 अल्पावधि प्रशिक्षण कोर्स और अन्य क्रियाकलाप।

निम्नलिखित लघु पुस्तिकाओं का प्रकाशन किया गया :

जैवविज्ञानीय विविधता के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष 2010।

जून विश्व पर्यावरण दिवस को कई प्रजातियां, एक पृथ्वी एक भविष्य।

सत्रह जून 2010 को रेगिस्तानीकरण का मुकाबला करने हेतु विश्व दिवस।

प्रोसोपिस ज्यूलीफ्लोरा नामक सारसंग्रह–शुष्क भूमियों में सम्पन्नता लाने वाला वृक्ष। *प्रोसोपिस ज्यूलीफ्लोरा* अतीत वर्तमान और भविष्य, पेज 36, काजी, जोधपुर, आई सी ए आर प्रकाशन।

हि.व.अ.सं., शिमला ने दो वी वी के स्थापित किए हैं जिनमें से एक हिमाचल प्रदेश और एक जम्मू और कश्मीर में है। वी वी के हिमाचल प्रदेश के तहत संस्थान ने निम्नलिखित में प्रत्येक पर 500 पम्पलटस विकसित किए: *एम्ब्लिका आफीसिनेलिस, प्लान्टानस ओरियन्टेलिस, पाइनस जिरारडियाना, इलेगनस अंगुस्टीफोलिया*। इसक अलावा *पाइकोरिजा करूआ* आर *सीडरस देवदार* पर 200 पुस्तिकाए (पत्यक) तयार की गइ।

संस्थान द्वारा एस एफ डी के कार्यक्षेत्रीय कर्मियों और किसानों के लिए निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए:–

वानिकी/कृषि वानिकी प्रजातियों पर किसानों की प्राथमिकता जानने के लिए 9 मई 2010 को नलानी गांव, मण्डी में कार्यशाला/ग्रामीणों की बैठक का आयोजन किया गया।

वानिकी हस्तक्षेप दावा निम्नीकृत क्षेत्रों के पुनर्स्थापन पर 4 फरवरी 2011 को कृषि विज्ञान केंद्र, सारू, चम्बा, हि. प्र. में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें हमारे संस्थानों, फॉरेस्ट गार्डस, डिप्टी रेंजर्स वन प्रभाग चम्बा, डलहोजी, छुराहा और उससे जुड़े हुए क्षेत्रों के 60 भागीदारों ने भाग लिया।

शीतोष्ण औषधीय पादपों की खेती : ग्रामीण आय के वैविध्यकरण और वृद्धि पर 19 फरवरी 2011 को साई रोपा सैन्ज कुल्लू, हि.प्र. में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें हमारे संस्थान के 40 भागीदार शामिल हुए जिनमें राज्य फॉरेस्ट गार्डस, उन्नतिशील किसान, महिला मण्डल के प्रतिनिधि, युवक मण्डल और आसपास के क्षेत्रों के गैर सरकारी संगठन भी शामिल थे।

उत्पादकता वृद्धि के लिए कृषि वानिकी तथा एन डब्ल्यू एफ पी प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण और ज्ञानवर्धक दौरों के लिए 14 से 18 फरवरी 2011 तक आयोजित किया गया जिसमें जम्मू, मनाली, शिलारू तथा सोलन क्षेत्रों के 35 उन्नतशील किसानों ने भाग लिया। उन्हान हि.व.अ.स., भा.वा.अ.शि.प. तथा यू एच एफ, नाउनी के वैज्ञानिकों के साथ सूचनात्मक विचार–विमर्श किया और हरा हर्बल गार्डन, गंगानगर, धौलाकुआं, वन अनुसन्धान संस्थान, म्यूजियमों, वन विज्ञान केंद्र, ऋषिकेश और हरिद्वार का दौरा किया।

एफ आर एस बुंधार, जगतसुख (मनाली)

निराई और सिंचाई तथा होइंग द्वारा विभिन्न एफ आर एस में प्रदर्शन पौधशाला का अनुरक्षण किया।

फील्ड रिसर्च स्टेशन टाबू में शीत रेगिस्तान से संबंधित वानिकी गतिविधियों को देखने और समझने के लिए आए विभिन्न विशिष्ट व्यक्तियों और दायित्वधारियों को सुविधा दी तथा 30 मी.x 3मी. पक्के रास्ते का निर्माण किया। वानिकी वृक्ष प्रजातियों/फलोद्यान वृक्षों पौधशाला क्यारियों में औषधीय पादपों को उगाने के विचार को महत्व देने के लिए वृक्ष भूखण्डों के भीतर और आसपास 15 मी^{2} के भागों को तैयार किया गया। मिश्रित सामग्री के रूप में औषधीय पादप जैसे सलम पांजा (*डैक्टीलारिया हेटीग्रिया*) कारू (*पाइकोरिजा कुरूआ*): जंगली लहसुन (*एस्फोडिलस टेनुफोलस*), जंगली प्याज (*अजैनिया इंडिका*) तथा रतनजोट *(अर्नेबिया बेंथमी)* को वनों से एकत्र करके क्यारियों में लगाया गया।

वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया गया और विभिन्न दायित्वधारियों को दिखाने के लिए सुरक्षित रखा गया।

अन्य विस्तार क्रियाकलाप, उपकरण, कार्यालय फर्नीचर, टेलीफोन

कृषिवानिकी प्रजातियों, औषधीय पादपों, केनेड में वर्षा जल जमा करने हेतु जागरूकता के लिए भंगरोनू और सुंदरनगर के आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिल्वर–फर बीज निष्कर्षण में राज्य वन विभाग की सहायता की गई।

टिनोस्पोरा (50 की संख्या), *बहुनिया वेरीगाटा* (50 की संख्या), *ग्रेविया आप्टीवा* (50 की संख्या) और *प्रूनस* प्रजाति (100) की कर्तनों को उगाया गया।

कार्बनिक कृषि तथा वर्मी कम्पोस्ट का महत्व बताने के लिए पूंग गांव में बैठक की गई।

वी वी के, जम्मू के तहत संस्थान ने चीनार पर पैम्पलेटस की 500 प्रतियां तैयार की। वन उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकियों और अनुसन्धान उपायों के अनुप्रयोग पर 17 जनवरी 2011 को कथुवा वन प्रभाग के कैम्पस में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया

गया जिसमें फॉरेस्ट गार्डस, फॉरेस्टरों सहित राज्य वन विभाग के 30 भागीदार शामिल हुए।

प्रदर्शन पौधशाला की स्थापना

पौधशाला क्यारियों में उगाने के लिए ग्रामीणों/बाजार से हरड़ (20 कि.), बेहडा (20कि.) तथा यूकेलिप्टस के बीज प्राप्त किए।

भा.वा.अ.शि.प., देहरादून से पौधशाला क्यारियों में बोने के लिए विभिन्न क्लोन्स की 5000 कर्तनें प्राप्त की गई।

नागवाणी मे 1250 वर्ग मीटर क्षेत्र में पौधशाला स्थल बनाने के लिए वन अनुसन्धान स्टेशन स्थापित किया गया।

यूकेलिप्टस बीजों को 70 वर्ग मीटर, हरर बीजों को 20 वर्ग मीटर तथा बेहडा बीजों को 20 वर्ग मीटर क्षेत्र में रेखीय बोआई से उगाया गया।

20 वर्ग मीटर क्षेत्र में बक राइजोम को एकत्रित तथा संग्रहित किया गया।

प्रदर्शन ग्राम (डी वी)

वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून

प्रदर्शन ग्राम, श्यामपुर

वानिकी उत्पादों, छोटे पैमाने के उद्योगों से जुड़े लोगों और विद्यार्थियों को समय–समय पर विभिन्न विषयों का ज्ञान कराने हेतु किसानों और एन जी ओ को प्रशिक्षण देने के लिए वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून द्वारा श्यामपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड में एक प्रदर्शन ग्राम की स्थापना की गई है।

देहरादून के पास श्यामपुर गांव में भगवान ग्रामोद्योग समिति, श्यामपुर गांव के सहयोग से एक मॉडल नर्सरी विकसित की गई है।

नर्सरी की संरचना इस प्रकार है:– कम
लागत का मिस्ट चेम्बर – एक
प्रसारण एकक् – एक
पूरी पाईप फिटिंग के साथ वाटर टैंक –एक
0.5 एच पी मोटर के साथ मोटर हाउस –एक
माउन्टेड एंगल आयरन बेडस – आठ
शेड हाउस – एक
बीज सुखाने का प्लेटफार्म – एक
वर्मी कम्पोस्ट एकक् – एक
रूट ट्रेनर्स –95 ब्लाक–200सी सी (16 सेल्स)

उपलब्धियां

पौधशाला में प्रतिवर्ष 20,000 पौधे उगाए और अनुरक्षित किए जाते हैं।

वन अनुसन्धान संस्थान द्वारा प्रदर्शन ग्राम को 4000 पौधे–(औषधीय और वानिकी) दिए गए।

पच्चीस हजार पादपों का अनुरक्षण – औषधीय और वानिकी प्रजातियां

दस हजार पादपों का वितरण– बनियावाला, नयागाव, गणशपर, सलाकइ, अम्बीवाला, सुक्लावार, श्यामपुर (देहरादून जिला) के किसानों को उनके कृषि खेतों में उगाने के लिए अधिकांश

एलो वेरा और सतावर के पौधे दिए गए।

प्रदर्शन ग्राम सैदूपुर (सी एस एफ ई आर द्वारा स्थापित)

प्रदर्शन ग्राम स्थापित करने का उद्देश्य, प्रदर्शन के लिए कम लागत का नर्सरी मॉडल विकसित करना है। कार्य स्थल में पौधशाला के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग एकक्, प्रशिक्षण शेड, बांस उपचार टैंक, हैण्डपम्प विकसित किया गया है। ग्रामवासियों की रुचि के अनुसार टीक, बेंत, अनोला, इमली, जैट्रोफा और औषधीय प्रजातियों, जैसे सतावर, कालमेघ, चित्रक, अश्वगंधा की पौध उगाने का कार्य प्रगति पर है।

प्रदर्शन ग्राम (सैदूपुर) में किसानों के लिए निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

बांस की परिरक्षण तकनीकें: 15 नवम्बर 2010 वर्मी कम्पोस्टिंग पर 31 जनवरी 2011 को प्रदर्शन/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वानिकी प्रजातियों के लिए रोपण एवं पौधशाला तकनीकों पर 20 सितम्बर 2010 को प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बटूर

कांडीयूर प्रदर्शन ग्राम

ग्यारह किसानों के खेतों में कोपिया, बैंगन और टमाटर के साथ मिश्रित फसल के रूप में *यूकेलिप्टस, एलन्थस,* टीक तथा कैश्यूनट को कृषिवानिकी मॉडलों में उगाया गया। कांडीयूर तथा आसपास के गांवों में 5000 पौधे वितरित किए गए।

संस्थान में, तमिलनाडु वन विभाग के सहयोग से तमिलनाडु और पांडेचेरी के किसानों के लिए 24 और 25 फरवरी 2011 तक तीसरा वृक्ष – उपजाओ मेला आयोजित किया गया।

मेले के भाग के रूप में वृक्ष फार्मिंग की सर्वोत्तम पद्धतियां और रोपण तकनीकों का प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें तमिलनाडु और पांडेचेरी के विभिन्न भागों से 700 से अधिक किसानों के अलावा तमिलनाडु वन विभाग के अधिकारियों और स्टॉफ, काष्ठ आधारित उद्योगों के प्रतिनिधियों, अनुसन्धान एवं अकादमिक संस्थानों के वैज्ञानिकों और संकायों ने भाग लिया।

विलवेकम– *एगल मार्मीलोस* बीज तेल, जैव कीटनाशक को *ए. मार्मीलोस* तथा एन. फिक्सर फ्रेंकिया (कैज्यूरियाना का वृद्धिकारक) से विकसित कर किसानों को दिया गया।

प्राईमरी स्कूल कांडीयूर प्रदर्शन ग्राम के बच्चों के लिए 31 मार्च 2011 को पर्यावरण रक्षण पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुल 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कांडियूर प्रदर्शन ग्राम में 30 मार्च 2011 को प्राइमरी स्कूल के स्कूली बच्चों के लिए ''पर्यावरण रतन'' पर एक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

का.वि.प्रौ.सं., बंगलौर

सत्रह सितम्बर 2010 को प्रदर्शन ग्राम की श्री शक्ति महिला वर्ग के लिए अंतःसक्रिय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विस्तार अधिकरी, का.वि.प्रौ.सं., पंचायत विकास अधिकारी, गांव के चुने हुए सदस्यों और प्रदर्शन ग्राम के श्री शक्ति महिला वर्ग की 25–30 सदस्यों ने भाग लिया।

येंटाग्नाहल्ली पंचायत में 27 सितम्बर 2010 को प्रदर्शन/अंतःसक्रिय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में येंटाग्नाहल्ली पंचायत के सभी 23 चुने हुए सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्यों की उपस्थिति म का.वि.प्रौ.स. तथा डोड्डेकेरनाहल्ली, प्रदर्शन ग्राम के बीच आपसी सूझबूझ के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर विभिन्न वृक्ष प्रजातियां जैसे चंदन, यूकेलिप्टस, सिल्वर ओक, बांस आदि के पौधों का वितरण किया गया।

उ.व.अ.सं., जबलपुर

टीक निष्पत्रक और लीफ स्केल्टोनाइजर के प्रतिरोध का प्रदर्शन करने के लिए उ.व.अ.सं., जबलपुर के प्रदर्शन ग्राम, मोइयानाला में मध्य प्रदेश मूल की टीक का रोपण किया गया।

शु.व.अ.सं., जोधपुर

प्रदर्शन ग्राम, सालावास (जोधपुर)

स्थापना और क्षमता वृद्धिः 14 अक्टूबर 2010 को टिकेश्वर भकारी, सालावास में प्रदर्शन ग्राम की स्थापना हेतु निदेशक, शु.व.अ.सं. तथा सरपंच, सालवास में

शु.व.अ.सं. के वैज्ञानिकों ने तकनीकी प्रदर्शन के लिए 14 अक्टूबर 2010 को प्रस्तावित प्रदर्शन ग्राम स्थल टिकेश्वर भकारी, सालावास, जोधपुर का दौरा किया

सरपंच श्री ओम राम पटेल न प्रदर्शन ग्राम स्थल टिकेश्वर भकारी, सालावास, जोधपुर म 14 अक्टूबर 2010 कारोपण समारोह क दौरान पौध रोपण करत हुए

डॉ. टी.एस. राठौड़, निदेशक, शु.व.अ.सं., जोधपुर प्रदर्शन ग्राम प्रदर्शन केंद्र भवन, टिकेश्वर भकारी, सालावास, जोधपुर का 14 अक्टूबर 2010 को उद्घाटन करते हुए

निदेशक, शु.व.अ.सं., जोधपुर तथा टिकेश्वर भकारी, सालावास, जोधपुर के सरपंच, सालावास गांव द्वारा एम ओ यू पर 14 अक्टूबर 2010 को हस्ताक्षर किए गए

एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए। समारोह में शु.व.अ.सं. के कर्मियों और सालवास के ग्रामीणों द्वारा विभिन्न वृक्ष प्रजातियों के पचास पौधों का रोपण किया गया। निदेशक, शु.व.अ.सं., जोधपुर तथा सरपंच, सालावास गांव, जोधपुर द्वारा प्रदर्शन ग्राम के प्रदर्शन हॉल और प्रदर्शन सामग्री का उद्घाटन किया गया।

प्रदर्शन स्थलः पदर्शन उददश्या आर किसानों/दायित्वधारियों के लिए उच्चकोटि के बालवृक्ष उत्पादन तथा एग्रोशेड कम्पोस्ट एकक् तथा अन्य नर्सरी क्रियाकलापों के लिए एस एफ डी नर्सरी, सालावास, जोधपुर में स्थल चयन किया गया। वन संवर्धन तथा वन पारिस्थितिकी प्रभाग, शु.व.अ.सं., जोधुपर के जरिए कम्पोस्ट चेम्बर तथा एग्रोशेड नेट हाउस और मृदा संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं।

मृदा और जल संरक्षण उपायों का निष्पादन करने तथा वन चारागाह मॉडल अपनाने के लिए टिकेश्वर भकारी, सालावास में 7 हैक्टेयर का क्षेत्र चयनित किया गया। चौदह अक्टूबर 2010 को सालावास ग्राम पंचायत के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद नवम्बर 2010 में सालवास नर्सरी से जुड़ी हुई 1.5 है. भूमि को प्रदर्शन स्थल के लिए चिन्हित किया गया।

एम ओ यू (डी एफ ओ जोधपुर) के जरिए फरवरी 2011 को सालवास ग्राम पंचायत की भूमि (1800 एम^2) को भी प्रदर्शन के लिए शामिल किया गया।

शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर में 4 मार्च 2011 को एक दिवसीय प्रदर्शन ग्राम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 35 भागीदारों (12 वन कार्मिक तथा 23 किसानों) ने भाग लिया। उन्होंने विभिन्न नर्सरी तकनीकों और वी ए एम, कम्पोस्टिंग मैनुअर–फॉर्मिंग तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण को मुख्यतः प्रदर्शन के अनुरूप तैयार किया गया।

शु.व.अ.सं, जोधपुर में 4 मार्च 2011 को
प्रदर्शन ग्राम प्रशिक्षण का उद्घाटन

प्रायोगिक नर्सरी, शु.व.अ.सं. में 4 मार्च 2011 को सहभागियों
के समक्ष कम्पोस्टिंग तकनीक का प्रदर्शन

प्रदर्शन प्रशिक्षण क सहभागिया को नर्सरी क औषधीय उद्यान,
शु.व.अ.सं. का 4 माच 2011 का दौरा करत हुए

नर्सरी, शु.व.अ.सं. में 4 मार्च 2011 को प्रशिक्षुओं को नर्सरी
में वी ए एम अनुप्रयोग का प्रदर्शन

हि.च.अ.सं., शिमला

प्रदर्शन ग्राम, लानाबाका, हिमाचल प्रदेश

i- स्वीकृत क्रियाकलापों के लिए योजना और कार्यान्वयन हेतु लोगों के साथ बैठकें:

क्रियाकलापों की योजना बनाने के लिए प्रदर्शन ग्राम में कैम्प कार्यशाला/ग्रामीणों की बैठक का आयोजन।

ii- तकनीकी प्रदर्शन भू–खण्डों की स्थापना:

प्रदर्शन के लिए अंतः फसलीय मॉडलों की स्थापना

प्रदर्शन के लिए *एलो वेरा* तथा *वैलीरियाना जटामांसी* के साथ *डेन्ड्रोकेलेमस हेमिल्टोनाई* की अंतःफसलों की स्थापना।

मिश्रित प्रदर्शन रोपणों की स्थापना:

डेन्ड्रोकेलेमस हेमिल्टोनाई, पॉलोवियाना फॉरट्यनी, ग्रेविया आप्टीवा तथा *एम्ब्लिका आफीसिनेनसिस* (500) का (3X3 एम^2 की दूरी पर) मिश्रित प्रदर्शन रोपण की स्थापना की गई।

iii- पौधशाला विकास तथा पौधशाला और रोपण का अनुरक्षण:

पौधशाला तथा पॉलीहाउस क्यारियों के लिए रेत, सीमेंट बैग, मृदा, एफ वाई एम का प्रापण।

मख्य क्यारिया स पॉलीहाउस तक (60 मी. लम्बी X 3मी. चौड़ी) कंक्रीट रोड बनाई गई।

छारमा (25 कि.), कालूटिया (20 कि.), रिब्स भोजपत्र (5 कि.) तथा इफीडरा (10 कि.), राइब्स (10) के बीज एकत्र किए गए।

